आठ नए सरकारी कॉलेजों की घोषणा

drishtiias.com/hindi/printpdf/eight-new-government-colleges-announced

चर्चा में क्यों?

4 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में **आठ नए सरकारी कॉलेजों की स्थापना** की घोषणा की। साथ ही कहा कि **सात डिग्री कॉलेजों को पीजी कॉलेजों में अपग्रेड** किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएँ शासकीय स्नातकोत्तर (पीजी) कॉलेज, रायपुर मालदेवता में विज्ञान खंड के उद्घाटन के अवसर पर की।
- उन्होंने कहा कि देहरादून शहर, हरिद्वार शहर (भूपतवाला), हल्द्वानी शहर, गदरपुर ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा में दन्यां, पौड़ी में कल्जीखाल और खिर्सू तथा चमोली में देवल में नए सरकारी कॉलेज खोले जाएंगे।
- वहीं मुनस्यारी (पिथौरागढ़), गैरसैंण (चमोली), कपकोट (बागेश्वर), सोमेश्वर, हल्दुचौड़ (नैनीताल), लक्सर (हरिद्वार) और थलीसैण (पौड़ी) के सरकारी कॉलेजों को पीजी कॉलेजों में अपग्रेड किया जाएगा।
- इसके अलावा उन्होंने प्रदेश के **सभी शासकीय महाविद्यालयों में एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल तथा आधुनिक लेक्चर हॉल** का निर्माण किये जाने की भी घोषणा की।